

# बूंद-बूंद पानी के लिए प्रशासन हुआ सख्त

## सड़कों पर उतरे एडीएम और सीएमओ; लापरवाही पर दी कड़ी चेतावनी

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 31 मई।** शहर की चरमराती पेयजल व्यवस्था को पटरी पर लाने और भीषण गर्मी में जनता को राहत दिलाने के लिए प्रशासनिक अमले ने अब सीधे मैदान संभाल लिया है। आज अपर कलेक्टर दिनेश चंद्र शुक्ला और मुख्य नगरपालिका अधिकारी इशांक धाकड़ ने पूरी टीम के साथ शहर के विभिन्न जल केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को खंगाला।

### ग्राउंड जीरो पर जांच

अधिकारियों ने जल केंद्रों पर पहुँचकर बारीकी से पड़ताल की। इस दौरान जल संग्रहण केंद्रों की सफाई और स्टोरेज क्षमता का मुआयना किया गया ताकि आमजन तक स्वच्छ पानी पहुंच सके। साथ ही, सहायक यंत्री और जोन उपयंत्रियों के साथ हाइड्रेंट पॉइंट्स की कार्यप्रणाली देखी गई, जिससे संकट के समय जलापूर्ति में कोई बाधा न आए।

### लीकेज और अवैध कनेक्शन पर हो तुरंत एक्शन

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों का सख्त तेवर देखने को मिला। एडीएम और सीएमओ ने दोटूक शब्दों में कहा कि जल वितरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने निर्देश दिए कि शहर में जहां भी लीकेज है, उसे तत्काल दुरुस्त किया जाए। अवैध कनेक्शन करने वालों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए। नगर पालिका प्रशासन ने दावा किया है कि वे निर्बाध जल आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु तत्पर हैं। अधिकारियों की इस सक्रियता ने शिवपुरी वासियों को उम्मीद दी है कि इस बार गर्मियों में उन्हें पानी की किल्लत से जूझना नहीं पड़ेगा।

# शहडोल में दो कारों से 350 किलो गांजा जब्त

**शहडोल.** जिले के जयसिंह नगर पुलिस ने देर रात दो लग्जरी कारों को में लदा 350 किलो ग्राम गांजा जब्त किया गया और एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी. पुलिस ने बताया कि दोनों कारें ओड़िशा से छत्तीसगढ़ आयी और शहडोल से उत्तर प्रदेश जा रही थी. पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रात के अंधेरे में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और अन्य पांच आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गये. पकड़े गये आरोपी का नाम राहुल कुमार चर्मकार है. सूत्रों का दावा है कि कार सहित 30 लाख रुपए का माल जब्त हुआ है. पुलिस ने एनडीपीएस अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी राहुल को गांजे के साथ गिरफ्तार कर लिया.

# किसानों संग सुनी 'मन की बात', पूर्व विधायक रहे मौजूद

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 31 मई।** पोहरी विधानसभा क्षेत्र के सतनवाड़ा-सुभाषपुरा मंडल में रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 134वें संस्करण का सामूहिक श्रवण किया गया। ग्राम सतनवाड़ा कलां के बूथ क्रमांक 268 पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक प्रहलाद भारती मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष चंदन सिंह धाकड़, बूथ अध्यक्ष, पार्टी कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने देशवासियों से भीषण गर्मी के मौसम में स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने की अपील की तथा जल संरक्षण को जन-आंदोलन का रूप देने का आह्वान किया। उन्होंने



समाज सेवा, राष्ट्रभक्ति और जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले प्रेरणादायी व्यक्तित्वों का भी उल्लेख किया।

कार्यक्रम का प्रसारण दूरदर्शन सहित विभिन्न माध्यमों से किया गया, जिससे प्रधानमंत्री का संदेश व्यापक जनसमुदाय तक पहुंच सका। सतनवाड़ा- सुभाषपुरा मंडल के सभी बूथों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किसानों एवं ग्रामीणों के साथ बैठकर 'मन की बात' कार्यक्रम का श्रवण किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रहलाद भारती ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम समाज को सकारात्मक दिशा देने के साथ-साथ जनभागीदारी को भी प्रोत्साहित करता है। कार्यक्रम के माध्यम से नागरिकों को सामाजिक सरोकारों एवं राष्ट्र निर्माण से जुड़े विषयों पर जागरूक किया जाता है।

# कोलारस में लगेगा एडवेंचर कैंप, बच्चों को मिलेंगे विकास के अवसर

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 31 मई।** दून पब्लिक स्कूल शिवपुरी के तत्वावधान में कोलारस में पहली बार भव्य एडवेंचर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह कैंप 7 जून से 16 जून तक आयोजित होगा, जिसमें बच्चों को रोमांच, मनोरंजन और व्यक्तित्व विकास से जुड़ी अनेक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

विद्यालय के प्रिंसिपल अविजित घोषाल ने बताया कि कैंप का उद्देश्य बच्चों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत बनाना है, ताकि वे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सामना आत्मविश्वास के साथ कर सकें। साथ ही उनमें अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीमवर्क की भावना का विकास हो सके।

कैंप के दौरान प्रतिभागियों को तैराकी, राइफल शूटिंग, तीरंदाजी, जिप लाइन, कमांडो नेट क्लाइम्बिंग, जोरबिंग रोलर, सेगवे राइड, बंजी रन, वॉल रैपलिंग, बैलेंस रोप, बर्मा ब्रिज, सूमो रेसलिंग एवं बॉडी जोरब जैसी रोमांचक गतिविधियों का अनुभव कराया जाएगा। आयोजकों का कहना है कि यह कैंप बच्चों के लिए सीख और साहस का अनूठा संगम साबित होगा। कैंप का आयोजन गोपालजी गार्डन, दाल मिल के सामने, कोलारस में किया जाएगा। कैंप में शामिल होने के लिए पंजीयन प्रारंभ हो चुके हैं तथा आवेदन की अंतिम तिथि 5 जून निर्धारित की गई है। सीमित सीटों के कारण पंजीयन 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर किया जाएगा। अधिक जानकारी एवं पंजीयन के लिए इच्छुक अभिभावक साईं बाबा कंप्यूटर सेंटर, नगर परिषद कॉम्प्लेक्स, जगतपुर कोलारस में संपर्क कर सकते हैं।

संपर्क हेतु हिमांशी मैडम (9589841231), वर्षा मैडम (9179970030) एवं बंटी सर (9425710526) के मोबाइल नंबर जारी किए गए हैं। आयोजकों को उम्मीद है कि यह एडवेंचर कैंप कोलारस क्षेत्र के बच्चों के लिए एक यादगार और प्रेरणादायक अनुभव साबित होगा।



# दो साल से फरार स्थाई वारंटी पकड़ा, देहात पुलिस की कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 31 मई।** थाना देहात पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे एक स्थाई वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। आरोपी पिछले दो वर्षों से पुलिस की गिरफ्त से बाहर था, जिसकी तलाश लगातार की जा रही थी।

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी यांगचेन डोलकर भूटिया द्वारा जिले में फरार स्थाई वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं नगर पुलिस अधीक्षक संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में थाना देहात पुलिस ने 29 मई 2026 को कॉम्बिंग गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की।

पुलिस ने माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी न्यायालय शिवपुरी के प्रकरण क्रमांक 90/20 तथा थाना देहात के अपराध क्रमांक 26/2020 में फरार चल रहे स्थाई वारंटी लल्लू पुत्र मेहरवान सिंह गुर्जर निवासी ताल मझेरा, हाल निवासी जवाहर कॉलोनी को जवाहर कॉलोनी क्षेत्र से गिरफ्तार किया। आरोपी को 30 मई 2026 को न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक विकास यादव, उपनिरीक्षक सुमित सेंगर, प्रधान आरक्षक राजेश पाठक, आरक्षक राघवेन्द्र रावत, आरक्षक वासुदेव यादव तथा आरक्षक मिथुन कुशवाह की विशेष भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों ने टीम की तत्परता और सफल कार्रवाई की सराहना की।

# वनरक्षक प्रशिक्षण सत्र-123 का दीक्षांत समारोह आयोजित

### 79 प्रशिक्षु हुए सफल

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 31 मई।** वन विद्यालय शिवपुरी में संचालित वनरक्षक प्रशिक्षण सत्र-123 का दीक्षांत समारोह एवं समापन कार्यक्रम रविवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माधव टाइगर रिजर्व शिवपुरी के उप संचालक हरिओम शर्मा उपस्थित रहे। वनसंरक्षक आदर्श श्रीवास्तव के मार्गदर्शन तथा वन विद्यालय संचालक सुधांशु यादव एवं अनुदेशक आदित्य शांडिल्य के निर्देशन में प्रशिक्षण का सफल संचालन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रशिक्षु वनरक्षकों की पासिंग आउट परेड से हुई। परेड कमांडर वीरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में चार प्लाटूनों ने अनुशासन




और दक्षता का प्रदर्शन किया। इसके बाद रजत जयंती हॉल में दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया।

एक दिसंबर 2025 से प्रारंभ हुए छह माह के प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षुओं को शारीरिक एवं व्यावसायिक दक्षता के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में पीटी, परेड, योग, खेलकूद, शस्त्र संचालन तथा भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) आरटीसी करैरा में क्षमता विकास संबंधी प्रशिक्षण शामिल रहा। प्रशिक्षुओं ने जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड में निशस्त्र वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर संस्थान का गौरव बढ़ाया।

प्रशिक्षण अवधि के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अनुराधा चौहान को सम्मान मिला, जबकि 9 किलोमीटर क्रॉस कंट्री दौड़ में वीरेन्द्र सिंह ने 39 मिनट में दौड़ पूरी कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वानिकी विषयों की मुख्य परीक्षा में कुल 79 प्रशिक्षणार्थी सफल घोषित हुए। सभी विषयों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर अजय राठौर को सम्मानित किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए संचालक सुधांशु यादव ने नवप्रशिक्षित वनरक्षकों से वन एवं वन्यजीव संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन तथा विभागीय दायित्वों का निष्ठा और अनुशासन के साथ निर्वहन करने का आह्वान किया। उन्होंने निरंतर अध्ययन एवं ज्ञानवर्धन की आवश्यकता पर भी बल दिया। कार्यक्रम के अंत में अनुदेशक आदित्य शांडिल्य ने अतिथियों, प्रशिक्षुओं एवं उनके परिजनों के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह के सफल आयोजन में वन विद्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



# 315 बोर देशी कट्टा मय जिन्दा कारतूस के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**करैरा, 31 मई।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती यांगचेन ड़ोलकर भुटिया जी के द्वाराअवैध हथियार से अपराध की नियत से घूमने वालो के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु समस्त थाना प्रभारियो को निर्देश दिये गये है जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले के निर्देशन एवं एसडीओपी डॉ. आयुष जाखड़ के मार्ग दर्शन मे थाना प्रभारी करैरा निरीक्षक विनोद सिहं छावई एव उनकी टीम के द्वारा लगातार मुखबिर मामूर कर दविश देकर कार्यवाही की जा रही है।

अभियान के क्रम मे 30 मई को थाना करैरा पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि, एक व्यक्ति देशी 315 बोर का अवैध कट्टा लेकर नई गल्ला मण्डी के पीछे संभूदयाल कालोनी के पास कोई बारदात करने की नियत से खडा है। उक्त सूचना की तस्दीक हेतु मुखबिर के बताये स्थाननई गल्ला मण्डी के पीछे संभूदयाल कालोनी के पास में पहुचे तो एक व्यक्ति मुखबिर के बताये हुलिये का पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे हमराही बल की मदद से घेर कर पकड़ा उसका नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम संजय जाटव पुत्र मायाराम जाटव उम्र 29 साल नि. न्यू कालोनी करैराथाना करैरा जिला शिवपुरी का होना बताया जिसकी जामा तलाशी लेने पर अपनी कमर मे दायें तरफ एक देशी 315 बोर का कट्टा रखे हुये पाया गया तथा पेन्ट की दाहिनी जेब में एक 315 बोर जिन्दा कारतूस मिला, कट्टा एवं कारतूस रखने का बैध लायसेंस चाहा तो नही होना बताया। आरोपी का कृत्य अपराध धारा 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत दण्डनीय पाया जाने से कट्टा एवं कारतूस को जप्त किया गया किया गया आरोपी के विरुध्द अपराध क्र. 357/26 धारा 25/27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया। सराहनीय भूमिका थाना प्रभारी करैरा निरी. विनोद छावई, सउनि शैलेन्द्र सिंह चौहान, प्रधान आरक्षक राजेन्द्र यादव, आर. राघवेन्द्र पाल, थाना करैरा जिला शिवपुरी की मुख्य भूमिका रही।

# मिनी अवैध हथियार फैक्ट्री का पर्दाफाश


**धार.** जिले में अवैध हथियारों के सौदागरों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत गंधवानी पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है. पुलिस ने गंधवानी के समीप बारिया गांव में चल रही एक मिनी अवैध हथियार फैक्ट्री पर छापा मारकर भारी मात्रा में हथियार और उन्हें बनाने की सामग्री जब्त कर मौके से एक आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है. पुलिस अधीक्षक (एसपी) सचिन शर्मा के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई है. गंधवानी थाना प्रभारी प्रदीप खन्ना ने शनिवार को मामले का खुलासा करते हुए बताया कि पुलिस को मुखबिर से ग्राम बारिया की ब्लॉक कॉलोनी में अवैध हथियार निर्माण की सूचना मिली थी. सूचना के आधार पर शुक्रवार शाम को पुलिस टीम ने योजनाबद्ध तरीके से दबिश दी.

# प्रदेश में ओलावृष्टि-बारिश का अलर्ट

## 09 जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी

**भोपाल, 31 मई. नौतपा के बीच मध्यप्रदेश में मौसम ने अचानक करवट ले ली है. भीषण गर्मी और लू से जूझ रहे लोगों को अब आंधी, बारिश और ओलावृष्टि से बड़ी राहत मिलने के संकेत हैं. मौसम विभाग ने ग्वालियर समेत 9 जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है.**

मौसम विभाग के अनुसार ग्वालियर , भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, नीमच और मंदसौर में ओलावृष्टि की संभावना है. वहीं भोपाल, इंदौर और उज्जैन सहित कई जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश और तेज हवाएं चल सकती हैं. बारिश के बाद ग्वालियर और दतिया में तापमान करीब 10 डिग्री तक गिर गया, जिससे लोगों को तेज गर्मी से राहत



### अगले चार दिन मौसम रहेगा सक्रिय

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि 31 मई से 2 जून तक प्रदेश में मौसम का यह बदला हुआ स्वरूप बना रहेगा. कहीं तेज हवाओं के साथ बारिश होगी तो कुछ इलाकों में ओलावृष्टि भी देखने को मिल सकती है. हालांकि कुछ जिलों में लू का असर अभी भी बना रहेगा.

मिली. कई अन्य शहरों में भी तापमान में 3 से 7 डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई है. वहीं राजगढ़, शाजापुर, विदिशा, सागर, दमोह, जबलपुर, नरसिंहपुर और छिंदवाड़ा में बारिश और गरज-चमक के साथ हीटवेव का भी अलर्ट जारी किया गया है. वहीं बड़वानी, खरगोन, बुरहानपुर, खंडवा, हरदा और बैतूल जैसे जिलों में गर्मी अभी भी परेशान कर सकती है. मौसम विभाग ने लोगों को दोपहर के समय बाहर निकलने से बचने, सुरक्षित स्थानों पर रहने और बिजली गिरने की आशंका को देखते हुए सावधानी बरतने की सलाह दी है.



# 60 छात्राओं ने सीखे स्वरोजगार के गुर

## ब्यूटी एण्ड वैलनेस जॉब ट्रेनिंग का समापन

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 31 मई।** नगर के कोर्ट रोड स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोर्ट रोड शिवपुरी में 1 मई से संचालित ब्यूटी एंड वैलनेस ट्रेड के व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत ऑन-द-जॉब प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को सौंदर्य एवं वेलनेस क्षेत्र की व्यावहारिक जानकारी प्रदान कर उन्हें स्वरोजगार के लिए सक्षम एवं आत्मनिर्भर बनाना रहा।

विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती प्रेमलता गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन तथा ब्यूटी एंड वैलनेस प्रशिक्षिका श्रीमती प्रेमलता जैन की देखरेख में विद्यालय की लगभग 60 छात्राओं ने नगर के विभिन्न ब्यूटी पार्लरों में प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को ब्यूटी पार्लर संचालन, सौंदर्य व्यवस्थापन, ग्राहक सेवा, पार्लर प्रबंधन तथा स्वरोजगार स्थापना से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। प्रशिक्षिका एवं ब्यूटी पार्लर संचालिकाओं ने छात्राओं को इस क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार एवं व्यवसाय की संभावनाओं से अवगत कराते हुए आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। समापन अवसर पर प्राचार्य श्रीमती प्रेमलता गुप्ता तथा ट्रेड के राज्य स्तरीय समन्वयक ने वीडियो कॉल के माध्यम से छात्राओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली छात्राएं कार्यक्रम को लेकर उत्साहित नजर आईं और उन्होंने इसे अपने भविष्य के लिए उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताया। विद्यालय प्रबंधन ने प्रशिक्षण के आयोजन पर सभी प्रतिभागियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# सीपीसीटी पास किए बगैर नहीं होंगे शासकीय सेवक

## जीएडी के पुराने नियमों की गलत व्याख्या कर नियमित करने वाले अफसरों के खिलाफ होगी कार्रवाई

कन्हैया लोधी

**भोपाल, 31 मई.** प्रदेश में ऐसे शासकीय सेवक जो कि परिवीक्षा अवधि में है, जब तक वे सीपीसीटी परीक्षा पास नहीं कर लेंगे, उन्हें नियमित नहीं किया जाएगा. विशेष रूप से सहायक ग्रेड-3 के मामलों में राज्य सरकार ने स्थिति साफ कर दी है. इस संबंध में प्रदेश में बनी गफलत की स्थिति को साफ करते हुए सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागों, विभागाध्यक्षों, संभाग आयुक्त, कलेक्टरों सहित सभी जिम्मेदार अफसरों को पत्र भेज दिया है. पत्र में साफ किया गया है कि यदि जीएडी के पूर्व में जारी पत्र की गलत व्याख्या करते हुए किसी विभाग में परिवीक्षा अवधि वालों को नियमित किया गया है, तो फिर ऐसे अफसरों के खिलाफ कार्रवाई की जाए.

दरअसल प्रदेश के कुछ विभागों ने 40 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर अपने विभागों में नियमित पदों पर भर्ती होने वाले शासकीय सेवकों विशेष रूप से सहायक ग्रेड-3 वालों को सामान्य प्रशासन विभाग के पूर्व में जारी आदेश की गलत व्याख्या कर नियमित कर दिया है. इसके लिए विभागों ने सामान्य प्रशासन विभाग के 15 नवंबर 1984 और 16 जनवरी 1992 को जारी परिपत्र को आधार बनाकर अपने विभागों में ऐसे मामलों में शासकीय सेवकों को नियमित कर दिया है.

लिहाजा अब जीएडी ने साफ किया है कि राज्य सरकार के कार्यों को दक्षता से पूरा करने के लिए सेवाओं की अर्हताएं तय की है. सहायक ग्रेड-3 के पद के लिए सीपीसीटी परीक्षा यानी कम्प्यूटर प्रोसिसिएंसी सर्टिफिकेशन टेस्ट को अनिवार्य अर्हता तय की है. जीएडी के 15 नवंबर 1984 और 16 जनवरी 1992 को जारी परिपत्र हिन्दी मुद्रलेखन परीक्षा में छूट से संबंधित है. जबकि सीपीसीटी परीक्षा कम्प्यूटर दक्षता से संबंधित है. हिन्दी मुद्रलेखन परीक्षा यानी हिन्दी टॉयपिंग टेस्ट और सीपीसीटी परीक्षा अलग- अलग अर्हताएं हैं.

दरअसल प्रदेश में वर्ग तीन की नियुक्तियों में सीपीसीटी की परीक्षा पास करने की अनिवार्यता लागू है, लिहाजा बड़ी संख्या में संविदा और नियमित वाले पदों पर भर्ती होने वाले उम्मीदवार सीपीसीटी परीक्षा पास कर लेते हैं, लेकिन पास नहीं करने वालों को नियमित होने के लिए मौका दिया जाता है. उन्हें अधिकतम 40 वर्ष की आयु तक ये मौका दिया जाता है, तब तक वे परिवीक्षा अवधि में कार्यरत रह सकते हैं. सीपीसीटी परीक्षा पास नहीं करने पर सेवा से बाहर कर दिया जाता है. ताजा मामले में अलग-अलग विभागों से जानकारी मिलने के बाद जीएडी ने ये निर्देश जारी किए हैं.

हालांकि अब तक ऐसे मामलों की निश्चित संख्या एकत्रित नहीं की जा सकी है, लेकिन माना जा रहा है कि इनकी संख्या एक हजार से अधिक हो सकती है.





